आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

8 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने भोपाल के अरेरा क्लब में आईटीएफ मेन्स वर्ल्ड टेनिस टूर्नामेंट का रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस टूर्नामेंट में कुल 6 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें फ्राँस के 2, ग्रेट ब्रिटेन के 2 तथा जर्मनी, पोलैंड, जापान और चेकोस्लोवाकिया के एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं।
- इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी को 15 हज़ार डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन लगातार 6 वर्षों से किया जा रहा है जिसमें दुनिया के प्रतिष्ठित टेनिस खिलाड़ी भाग लेते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/itf-tennis-tournament